देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 202 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**कांटे की रही टक्कर



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 13 नवंबर 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 14.0°

37244.59

2 चीनी सेना को ढूंढे नहीं मिल रहे सैनिक

5 मेरी जिंदगी में असुरक्षा नहींः वाणी

## संक्षिप्त समाचार

### काउंटिंग सेंटर के सीसीटीवी फुटेज की होगी जांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पटना। बिहार चुनाव के नतीजे घोषित तो हो गए हैं लेकिन महागठबंधन की तरफ से लगाए जा रहे आरोपों का हमला जारी है। लेकिन इसी मामले में अब जेडीयू के एक सांसद पर गंभीर आरोप लग गए हैं। इसकी जांच के लिए बिहार के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एक जिले के डीएम को खत भी लिख दिया है। बिहार चुनाव में वोटों की गिनती के अगले दिन ही लिखी गई एक चिट्ठी आप नीचे देख सकते हैं। ये चिट्ठी बिहार के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बालामुरूगन डी ने लिखी है।

### 2,65,080 करोड़ रुपये के 12 राहत उपायों की हुई घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को आत्मनिर्भर भारत 3.0 पैकेज की घोषणा की है। इस पैकेज के तहत 12 नए राहत उपायों की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह ऐलान किया। वित्त मंत्री ने कहा, श्आत्मनिर्भर भारत अभियान 3.0 के अंतर्गत आज 2,65,080 करोड़ रुपये के 12 राहत उपायों की घोषणा की गई है। इस तरह सरकार और आरबीआई द्वारा अब तक कुल 29.87 लाख करोड़ रुपये के प्रोत्साहन की घोषणा हुई है। यह जीडीपी का 15 फीसद है।

### ऐक्टर आसिफ बसरा का निधन, बॉलिवुड सिलेब्स ने जताया दुख

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुबंई। बॉलिवुड की कई फिल्मों में अपनी बेहतरीन ऐक्टिंग के दम पर अलग मुकाम बनाने वाले ऐक्टर आसिफ बसरा ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में धर्मशाला के एक प्राइवेट गेस्ट हाउस में वह मृत पाए गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने गुरुवार को आत्महत्या कर ली है। कांगड़ा के एसपी विमुक्त रंजन ने मामले की पुष्टि की है। आसिफ बसरा की मौत की जानकारी मिलने पर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची थी।

# प्रदेश में टेस्टिंग और बढ़ाई जाय

## सीएम ने कोविड के रोकथाम एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में कोविड के रोकथाम एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश में कोविड टेस्टिंग और बढ़ाई जाय। दून, हरिद्वार, उधमसिंह नगर एवं नैनीताल जनपद को इस दिशा में विशेष प्रयास करने होंगे। कोविड से बचाव के लिए नियमित रूप से विभिन्न माध्यमों से जन जागरण अभियान चलाये जाय। त्योहारों का समय चल रहा है, लोगों का आवागमन भी तेजी से बढ़ा है। भीड़–भाड़ वाले स्थानों एवं पर्यटक व धार्मिक स्थलों पर जन जागरण के साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क की अनिवार्यता का पूरा अनुपालन कराया जाय। व्यापारिक संगठनों एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से त्योहारों के सीजन में दुकानों में सेनिटाइजर एवं स्वच्छता प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टरों की बड़ी जिम्मेदारी है कि वे मनोवैज्ञानिक रूप से कोविड मरीजों को मजबूत करें एवं वरिष्ट चिकित्सक निरंतर मरीजों के सम्पर्क में रहें। लेब टेक्निशियन, रेडियोलॉजिस्ट और आशा वर्कर बढ़ाये जाय। सभी जिलों में इनकी पर्याप्त उपलब्धता हो।

**विधायक सुरेन्द्र सिंह जीना के निधन पर 2 मिनट का मौन रखा**

सचिव स्वास्थ्य अमित नेगी ने कहा कि इस सप्ताह प्रदेश में कोरोना के मामलों में वृद्धि हुई है। इसे नियंत्रित करने के लिए जिलाधिकारियों को और प्रयासों की जरूरत है। ट्रू–नॉट टेस्टिंग और बढ़ाई जाय। सभी जिलाधिकारी कोविड के दृष्टिगत आवश्यक सामग्रियों की पूर्ण उपलब्धता रखें। कोविड केयर सेंटर में रहने, खाने एवं स्वास्थ्य की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी रखी जाय।

पुलिस महानिदेशक लॉ एण्ड आर्डर अशोक कुमार ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा कोविड से बचाव हेतु पैदल मार्च, पोस्टर, वॉल पेंटिंग एवं अन्य माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गाइडलाईन का अनुपालन न करने वालों के चालान भी किये जा रहे हैं, लेकिन उन्हें निःशुल्क मास्क भी दिये जा रहे हैं।

बैठक शुरू होने से पूर्व सल्ट विधायक सुरेन्द्र सिंह जीना के निधन पर 02 मिनट का मौन रखा गया। मुख्यमंत्री एवं सभी अधिकारियों ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की एवं शोक संतप्त परिवारजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की।

इस अवसर पर सचिव डॉ. पंकज पाण्डेय, आईजी अभिनव कुमार, संजय गुंज्याल आदि अधिकारी उपस्थित थे।



### अधिकारी लगातार फील्ड विजिट करें: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड से बचाव के लिए मानव संसाधन की पूरी व्यवस्था हो, अगले 15 दिन विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। यह सुनिश्चित किया जाय कि शहरी जनपदों में 24 घण्टे एवं ग्रामीण जनपदों में 48 घण्टे के अन्दर कोविड सैंपल की टेस्ट रिपोर्ट लोगों को मिल जाय। जिन लोगों का एंटिजन टेस्ट सिम्पटमैटिक है, उनका अनिवार्य रूप से आरटीपीसीआर टेस्ट हो। हाई रिस्क कॉन्टेक्ट का शत प्रतिशत टेस्टिंग कराई जाय। त्योहरों के सीजन में अधिकारी लगातार फील्ड विजिट करें।

# पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील से पीछे नहीं हट रही चीनी सेना

## ग्लोबल टाइम्स ने पैंगोंग झील के फिंगर 4 से पीछे हटने की खबर का किया खंडन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन के सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ने पैंगोंग झील के फिंगर 4 से पीछे हटने की खबर का खंडन किया है। चीनी अखबार ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में अग्रिम मोर्चों से भारत और चीन के सैनिकों, टैंकों, तोपों और हथियारों से लैस वाहनों को वापस लेने पर कोई सहमति नहीं बनी है। ग्लोबल टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया कि भारतीय मीडिया में आई इस तरह की खबरें गलत हैं। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि यह दोनों पक्षों के उनके स्थापित लक्ष्यों तक पहुंचने में सहायक नहीं है। इससे पहले आई खबरों में कहा गया था कि दोनों देशों के बीच बातचीत के बाद बनी आपसी सहमति के अनुसार अब पीएलए अपने सैनिकों को फिंगर 8 से पूरब की तरफ धकेलेगा जबकि भारतीय सैनिक पश्चिम की तरफ फिंगर 2 और फिंगर 3 के बीच धन सिंह थापा पोस्ट की तरफ पीछे आएंगे। यह काम चरण–दर–चरण पूरा होगा। फिंगर 3 से फिंगर 8 तक का इलाका बफर जोन की तरह से होगा जिस पर कोई गश्ध्त नहीं करेगा।

**घरेलू राष्ट्रवाद को संतुष्ट करने के लिए झूठी सूचनाएं दे रहा मीडियाः** ग्लोबल टाइम्स ने सूत्रों के हवाले कहा कि आठवें दौर की वार्ता के बाद अच्छी प्रगति हुई है लेकिन भारतीय मीडिया में आई पीछे हटने की खबर गलत है। चीनी अखबार ने आरोप लगाया कि भारतीय मीडिया घरेलू राष्ट्रवाद को संतुष्ट करने के लिए झूठी सूचनाएं दे रहा है। पिछली वार्ता में इस बात पर बातचीत हुई थी कि दोनों देशों की सेनाएं पैंगोंग झील से किस तरह से पीछे हटेंगी।

### देसपांग एरिया पर अलग से होगी बातचीत

इससे पहले आई खबर में कहा गया था कि देसपांग के मैदानी इलाके पर अलग से बातचीत होगी। यहां चीनी सैनिक भारतीय सैनिकों को उनके परंपरागत पेट्रोलिंग पॉइंट्स तक पहुंचने में पिछले छह महीने से अड़ंगा डाल रहे हैं। एक सूत्र ने बताया, देसपांग की समस्या पुरानी है। पहली प्राथमिकता पेंगोंग झील–चुसुल एरिया में गतिरोध खत्म करने की है। इसे खत्म करने की समयबद्ध प्रक्रिया इसी महीने शुरू हो सकती है, बशर्ते इसकी रूपरेखा तय हो जाए। इसके लिए हर दिन हॉटलाइन के जरिए बातचीत हो रही है। वहीं, कॉर्प्स कमांडर लेवल की बातचीत का अगला दौर भी होना है।

# इको फ्रैंडली दीपावली मनाने से पर्यावरण का होगा संरक्षण

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज के अवसर पर प्रदेशवासियों की सुख–शांति और समृद्धि की कामना की है। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने कहा है कि धनतेरस पर आरोग्यता के देव भगवान धन्वंतरी की पूजा का भी महत्व है। भगवान धन्वंतरी हम सबके जीवन में सुख–समृद्धि एवं आरोग्यता प्रदान करें इसकी उन्होंने कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का पर्व मर्यादा, सत्य एवं सद्भावना का भी संदेश देता है। दीपों का यह त्योहार भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात वापस अयोध्या आने से भी जुड़ा है। दीपावली का पर्व अशांति पर शांति, बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्द्धन पूजन समाज एवं देश की आर्थिक–सांस्कृतिक संसाधनों के संरक्षण का प्रतीक है। यह पर्व भगवान कृष्ण के महान चरित्र का स्मरण भी कराता है। भैयादूज के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों, विशेष रूप से महिलाओं को बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व भाई–बहनों के प्रेम के साथ ही मातृ शक्ति के सम्मान, परिवार एवं समाज में उनके महत्व को भी प्रदर्शित करता है।

वर्तमान में कोविड–19 के दृष्टिगत मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने प्रदेशवासियों से इन त्योहारों के अवसर पर घर से बाहर जाने पर मास्क के उपयोग के साथ ही सामाजिक दूरी बनाते हुए अधिक भीड़–भाड़ से बचाव की भी अपील की है। मुख्यमंत्री ने पटाखों के कम से कम उपयोग पर भी ध्यान देने को कहा है। उन्होंने कहा है कि इस वर्ष इको फ्रैंडली तौर पर दीपावली का त्योहार मनाने से हम पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी अपना योगदान दे सकेंगे।

### शुभकामनाए

■मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैयादूज की शुभकामनाएँ


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# दुनिया में जमेगी भारत की धाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रक्षा जगत में दुनियाभर में भारत का रुतबा आने वाले दिनों में और भी बढ़ने वाला है। भारत और रूस के जॉइंट वेंचर के तहत तैयार की गई सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस अगले साल तक फिलीपींस को निर्यात की जाएगी। रूस के डेप्युटी चीफ ऑफ मिशन रोमन बाबुश्किन ने भी इसकी पुष्टि की है। फिलीपींस के अलावा कई अन्य देशों ने भी इस सुपरसोनिक मिसाइल में अपनी रुचि दिखाई है। ब्रह्मोस मिसाइल को सबमरीन, शिप, एयरक्राफ्ट या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है। करीबी सूत्रों ने बताया कि कुछ ही दिनों में फिलीपींस के साथ पहली डील पर हस्ताक्षर किए जाएंगे और अगले साल की शुरुआत तक फिलीपींस को मिसाइल सप्लाई भी कर दी जाएगी। अगले साल होने वाले समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतर्ते शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया, मनीला दौरे पर जाने वाली ब्रह्मोस एयरोस्पेस की टीम डील से जुड़ी मामूली दिक्कतों को समझेगी।

**कई देशों को निर्यात करेगा ब्रह्मोस मिसाइल, फिलीपींस से शुरुआत**